हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 नवंबर 2026

04 छात्राओं ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने...



07 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में 15 दिनों से लैब टेक्नीशियन नहीं



समाचार संक्षेप

विश्व मधुमेह व बाल दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता आयोजित



गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.आर. माथुर के मार्गदर्शन में जिलेभर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विश्व मधुमेह दिवस एवं बाल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मधुमेह के प्रति जागरूक करने के साथ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं बेहतर भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मधुमेह के लक्षण, कारण, बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, वजन कम होना और थकान मधुमेह के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पैदल चलने और समय-समय पर ब्लड शुगर की जांच कराने की सलाह दी गई। वहीं बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के नियमित टीकाकरण, पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखकर खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की गई।

बरबटपुरा में 19 नवंबर को होगा छठा विशाल अन्नकूट महोत्सव

गुना। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जय माँ कालका कामाख्या धाम, आजाद नगर बरबटपुरा में छठा विशाल अन्नकूट महोत्सव धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। आयोजन 19 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन स्थल बालाजी मंदिर वाली गली, जय माँ कालका कामाख्या धाम, बरबटपुरा गुना रहेगा। मुख्य संयोजक प्रमोद सर के नेतृत्व में महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। महोत्सव के अवसर पर माँ कालका का विशेष श्रृंगार, विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात विशाल अन्नकूट महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग माता रानी को अर्पित किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजकों ने समस्त माई के भक्तों से सपरिवार महोत्सव में शामिल होकर माता रानी के दर्शन करने, अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करने एवं धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

आचार्य विद्यासागर पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन



आरोन। नगर के आचार्य विद्यासागर पब्लिक स्कूल में बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अमित कुमार जैन, थाना प्रभारी रविंद्र सिंह, जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन, मिंटूलाल जैन, बीआरसी धर्मवीर रघुवंशी एवं विपिन भार्गव सहित विद्यालय के प्राचार्य अनिरुद्ध जी, उपप्राचार्य राजेश जैन एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बाल मेले में फूड जोन, गेम जोन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हॉन्टेड हाउस विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों, मनोरंजक खेलों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। अतिथियों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देते हैं। मेले में बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

फतेहगढ़ शिविर में विधायक ऋषि अग्रवाल के तीखे तेवर

किसानों को 10 घंटे निर्बाध बिजली देने की मांग, बदहाल आपूर्ति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत जिले के फतेहगढ़ में आयोजित प्रशासनिक शिविर उस वक्त सियासी और प्रशासनिक सरगर्मी का केंद्र बन गया, जब बमोरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने किसानों की बदहाल बिजली आपूर्ति और जिला अस्पताल की लचर व्यवस्थाओं को लेकर मोर्चा खोल दिया। मंच पर मौजूद कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और पूर्व पंचायत मंत्री व सिंधिया समर्थक महेंद्र सिंह सिसौदिया की उपस्थिति में विधायक अग्रवाल ने बिजली कंपनी के कर्ताधर्ताओं को जमकर खरी-खोटी सुनाई। विधायक के तेवर इतने तीखे थे कि माहौल गर्माता देख स्वयं कलेक्टर को माइक संभालने के लिए खड़ा होना पड़ा और स्थिति को नियंत्रित किया।

शिविर के दौरान किसानों की पीड़ा को स्वर देते हुए बमोरी विधायक ने दो-टूक लहजे में प्रशासन से कहा कि उनके क्षेत्र के अन्नदाताओं को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली चाहिए तो



चाहिए। उन्होंने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पिछले 20-25 दिनों से किसान केवल कोरे आश्वासनों के सहारे जी रहे हैं। किसान अपनी मेहनत की कमाई से समय पर बिजली के बिल भर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें चार घंटे भी पर्याप्त वोल्टेज के साथ बिजली नसीब नहीं हो पा रही है।

गोदामों में भरे हैं खंभे और तार, अंधेरे में अन्नदाता

विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए विधायक अग्रवाल ने कहा कि उन्हें इस क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए दो दशक हो चुके हैं और वे बिजली विभाग की नस-नस से वाकिफ हैं। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि जिले में सबसे अधिक बिजली सब स्टेशन बमोरी क्षेत्र में हैं, विभाग के कार्यालयों और गोदामों में पर्याप्त मात्रा में खंभे और तार भरे पड़े हैं, लेकिन जहां वास्तव में जरूरत है, वहां इन्हें बदला नहीं जा रहा है। उन्होंने सवाल दागा कि आखिर सिंचाई और कृषि कार्य के पीक समय पर ही बिजली के तार क्यों टूटते हैं और समय रहते आवश्यक मेंटेनेंस कार्य क्यों नहीं किया जाता? विधायक ने मंच से ही चुनौती भरे अंदाज में कहा कि यदि विभागीय अधिकारी सक्सेना को आज फ्री हैंड दे दिया जाए, तो महज 24 घंटे के भीतर पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पटरी पर लौट सकती है।

किसानों के चेहरे देखिए साहब

मंच से कलेक्टर की ओर मुखातिब होते हुए विधायक ने भावुक और कड़े शब्दों में कहा कि इन किसानों की शक्लें देखिए, बिजली न मिलने के कारण ये रातों को चैन से सो नहीं पा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंच पर तालियां तो हम उस दिन बजाएंगे, जब किसानों की फसलें सिंचित होकर लहलहा उठेंगी। चूंकि आज प्रशासन ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को एक ही मंच पर एकत्र किया है, इसलिए यहां से कोरे आश्वासन नहीं, बल्कि समस्याओं का ठोस समाधान निकलकर जाना चाहिए। बिजली संकट के साथ-साथ विधायक ऋषि अग्रवाल ने जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल भी खोलकर रख दी।

जयस्तंभ चौराहे के पास नाश्ते में निकला कॉकरोच, मचा हड़कंप

विरोध करने पर दुकानदार ने लौटाए पैसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में खान-पान की दुकानों और होटलों पर साफ-सफाई को लेकर बरती जा रही लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला शहर के व्यस्ततम जय स्तंभ चौराहे के पास स्थित मंदिर वाली गली का है, जहां एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट से खरीदे गए आलूबड़े में कॉकरोच मिलने से हडक़ंप मच गया। खाद्य पदार्थ में कीड़ा मिलने की इस घटना से गुस्साए परिवार ने दुकान पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह एक स्थानीय युवक ने त्रिमूर्ति रेस्टोरेंट से समोसे और आलूबड़े पैक कराकर खरीदे थे। जब परिवार घर पर बैठकर नाश्ता कर रहा था, तभी एक आलूबड़े के अंदर मरा हुआ कॉकरोच नजर आया। दृश्य देखकर पूरा परिवार सन्न रह गया और अशुद्धता के कारण घर की एक बुजुर्ग महिला को उल्टियां तक होने लगीं।

घटना से आक्रोशित युवक तुरंत पैकेट लेकर दुकान पर पहुंचा और संचालक से इसकी शिकायत की। काफी देर चले हंगामे और विरोध के बाद दुकानदार ने गलती स्वीकार करते हुए पैसे वापस करने की पेशकश की, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस घटना का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर लोग फूड सेफ्टी को लेकर गहरी नाराजगी जता रहे हैं। गौरतलब है कि शहर के कई हिस्सों में नाश्ते की दुकानें नालियों और खुले गंदे नालों के पास संचालित हो रही हैं, जहां मक्खियों, कॉकरोच और अन्य कीट-पतंगों का जमघट आम बात है। इसके बावजूद रसोईघर में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी की जा रही है।

मुहालपुर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

तीन बोरियों में 200 पाउच मिले आरोपी गिरफ्तार कर, जेल भेजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 14 नवंबर को आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम मुहालपुर में दबिश देकर 80 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित मदिरा जब्त की। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मुहालपुर निवासी जंडेल पुत्र भगवान सिंह यादव (32 वर्ष) अपने रिहायशी मकान से अवैध मदिरा का विक्रय कर रहा है। सूचना के आधार पर 14 नवंबर की अलसुबह आबकारी टीम ने उसके मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान से तीन बोरियों में रखे 200 पन्नी पाउच बरामद हुए, जिनमें लगभग 80 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भरी हुई थी। आबकारी विभाग के अनुसार, संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध पहले भी अवैध मदिरा विक्रय की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जब्त मदिरा प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत होने पर उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लेकर एफएसएल ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई। जब्त अवैध मदिरा की अनुमानित कीमत 24 हजार रुपये बताई गई है। आबकारी विभाग ने आरोपी जंडेल यादव के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। इसके बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इनकी रही विशेष भूमिका

उक्त कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत कुशवाह, आरक्षक गोविन्द मीणा, कमल बरोड़िया, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी तथा होमगार्ड आरक्षक सतीश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। आबकारी विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

तेज रफ्तार एक्टिवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहरोग-अरसखेड़ा मार्ग पर एक भीषण सडक़ हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी हरे रंग की नई इलेक्ट्रिक एक्टिवा मौके पर ही छोडक़र फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेड़ापति मोहल्ला आरोन निवासी अंकित पुत्र भैयालाल कुशवाह (19 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दोपहर करीब 2 बजे उसके सहरोग निवासी मामा गोलू ने फोन पर सूचना दी कि उसका बड़ा भाई अभिषेक कुशवाह (22) अपनी साइन मोटरसाइकिल से सहरोग से आरोन लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में राघौगढ़ रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन जब अभिषेक को लेकर आरोन अस्पताल पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

बाल दिवस पर गूंजी बच्चों की किलकारी, स्कूलों में लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन यानी 14 नवंबर को जिले भर के विद्यालयों में बाल दिवस बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चाचा नेहरू को बच्चों से अत्यधिक लगाव था, और उनकी इसी भावना को सम्मान देते हुए हर साल यह दिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर शहर से लेकर अंचल तक के स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, बाल मेलों और प्रतियोगिताओं की धूम रही, जिसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

स्थानीय शासकीय पीएम श्री विद्यालय पुरानी छावनी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्र-छात्राओं ने खान-पान के लजीज व्यंजनों, साज-शृंगार और



मेहंदी लगाने के आकर्षक स्टॉल सजाए। बच्चों द्वारा संचालित इन स्टॉलों पर स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय नागरिकों ने भी जमकर खरीदारी की और व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इसके अलावा खेल गतिविधियों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित धर्मेंद्र रघुवंशी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए व्यावसायिक और व्यावहारिक गतिविधियों के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला।

उधर, शहर के शिशु कुंज स्कूल में बाल दिवस पर विशेष फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न मनमोहक और अनूठी वेशभूषाओं में मंच पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के आकर्षक अंदाज और शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान शाकाहार और पर्यावरण संरक्षण जैसे संदेश भी बच्चों के जरिए दिए गए।

विभिन्न स्कूलों में आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन दर्शन, उनके राजनीतिक योगदान और बाल प्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बाल मेलों के माध्यम से बच्चों ने व्यावहारिक प्रबंधन और व्यावसायिक कौशल की प्रारंभिक सीख भी प्राप्त की, जिससे पूरे दिन स्कूलों में उत्सव जैसा माहौल बना रहा हुए हैं।

पुरानी रंजिश के चलते महिला से मारपीट

गुना। जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत म्याना चौराहे पर पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने इलाज कराने आई महिला के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया मीरा निवासी ग्राम नाहरी ने अपनी बड़ी बहन विमलाबाई के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत शाम करीब 7 बजे वह म्याना चौराहे पर इलाज कराने आई थी। इसी दौरान मदनपुर बदरवास, शिवपुरी निवासी मुसाब सहरिया वहां आया और पुरानी रंजिश को लेकर उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ-थप्पड़ों से उसकी मारपीट की, जिससे उसकी पीठ में अंदरूनी चोटें आईं। मौके पर पहुंचे पीड़िता के जेठ बाबूलाल ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जाते-जाते आरोपी ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी।

परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

श्री राम जानकी विवाह सम्मेलन समिति द्वारा 13वें प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा तय करने के लिए 13 नवंबर 2026 को श्री राम जानकी प्राचीन मंदिर, पुरानी छावनी गुना में कार्यकारी अध्यक्ष प्रताप सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर सहमति बनाई गई।

निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा निःशुल्क स्वीकार किए जाएंगे तथा उन्हें परिचय पुस्तक में प्रकाशित किया जाएगा। इसके साथ ही परिचय पुस्तक के प्रकाशन एवं विज्ञापन के लिए फुल पेज, हाफ पेज सहित विभिन्न विज्ञापन दरें निर्धारित करने पर चर्चा की गई। शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा। वहीं वर्ष 2025-26 में शिक्षक, पटवारी, आरक्षक सहित विभिन्न शासकीय पदों पर नियुक्त समाज के युवक-युवतियों को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में परिचय पुस्तक के विज्ञापन, समिति सदस्यों की जिम्मेदारियों एवं आयोजन की अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

नेहरू जयंती पर प्रतिमा स्थल पर पसरी गंदगी, नपा की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

कांग्रेसियों ने खुद संभाली साफ-सफाई की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शनिवार को हनुमान चौराहा स्थित नेहरू पार्क में उनकी प्रतिमा की दुर्दशा देखने को मिली। जयंती मनाने पहुंचे कांग्रेस नेताओं को जब प्रतिमा स्थल के आसपास भारी गंदगी और अव्यवस्था दिखी, तो उन्होंने पहले स्वयं सफाई का बीड़ा उठाया। कांग्रेसजनों ने पानी से प्रतिमा को नहलाकर साफ किया और पूरे परिसर को स्वच्छ बनाने के बाद विधिवत रूप से जयंती मनाई।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली और महापुरुषों की प्रतिमाओं के प्रति बरती जा रही अनदेखी पर तीखी नाराजगी जताई। शहर कांग्रेस



जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि पंडित नेहरू त्याग और बलिदान के प्रतीक हैं। बच्चों से विशेष स्नेह रखने के कारण ही उनकी जयंती पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए आईआईटी जैसे बड़े और प्रतिष्ठित संस्थानों की नींव रखने वाले महापुरुष के त्याग और समर्पण को याद करते हुए आज हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि शहर के अन्य पार्कों की स्थिति भी बेहद खराब है और पुरानी गल्ला मंडी स्थित माधवराव सिंधिया पार्क का भी यही हाल बना हुआ है, जहां रखरखाव के अभाव में अव्यवस्थाएं हावी हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने नपा सीएमओ को लिखा पत्र

इधर प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर गुना नगर पालिका की बड़ी लापरवाही सामने आई है। हनुमान चौराहे स्थित नेहरू पार्क में स्थापित पंडित नेहरू की प्रतिमा के आसपास साफ-सफाई न होने और महीनों पुरानी सूखी मालाएं व धूल जमी रहने पर कांग्रेसजनों ने कड़ी नाराजगी जताई है।

इस संबंध में नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने सीएमओ शैलेन्द्र अवस्थी को कड़े शब्दों में पत्र लिखकर संबंधित लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने पत्र के माध्यम से कहा कि 14 नवंबर को आधुनिक भारत के प्रणेता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती देश भर में श्रद्धा के साथ मनाई जाती है, लेकिन गुना नपा द्वारा निर्मित इसी पार्क में जयंती के दिन भी साफ-सफाई नहीं कराई गई। स्थिति यह थी कि प्रतिमा स्थल पर धूल, जाले और पुरानी सूखी मालाएं पड़ी थीं, जिसके चलते कांग्रेसजनों को खुद वहां पहुंचकर सफाई करनी पड़ी। शेखर वशिष्ठ ने सवाल उठाया कि आखिर पार्कों की देखरेख की जिम्मेदारी किस अधिकारी के पास है।

समाचार संक्षेप

बाल दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न



राघौगढ़। तपोवन स्थित श्री स्वामी रामानंद विद्या संकुल, राम टेकरी में 14 नवंबर को बाल दिवस उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-वंदना के साथ हुई, जिसमें सभी ने एकाग्रता और श्रद्धा के साथ भाग लिया। इसके बाद प्रधानाचार्य महोदय ने प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें मेहनत, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही बच्चों द्वारा तैयार की गई खेलों की दुकानें एवं खाद्य–पदार्थों के स्टॉल, जिनमें छात्रों ने अपनीप्रतिभा,रचनात्मकता और टीमवर्क का सुंदर प्रदर्शन किया। इन स्टॉलों ने पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना दिया।

राघौगढ़ की सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ा हादसों का खतरा



राघौगढ़। नगर की सड़कों पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। नगर की सांडा कॉलोनी से होकर आरोन की ओर जाने वाले भारी वाहन दिनभर निकलते रहते हैं। विशेष रूप से शाम के समय इस मार्ग पर वाहनों और राहगीरों की काफी भीड़ रहती है। शाम के व्यस्त समय में सांडा कॉलोनी स्थित मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान सड़क पर भीड़ बढ़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

आरोन में शिव-पार्वती संवाद के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ

आरोन। सनातन उत्सव समिति आरोन के तत्वावधान में श्री दास हनुमान रामलीला का शुभारंभ शुरू किया। इसमे व्यास पीठ पर विराजमान ब्रजेश शर्मा सेमराचाच बालों ने श्री हनुमान चालीसा से प्रारम्भ किया। इसके बाद आरती करने के लिए महंत श्री संतदास महाराज संकादिक आश्रम, महंत श्री सुदर्शन दास महाराज, महंत रमेश गिरी महाराज गुपतेश्वर आश्रम द्वारा प्रथम पूज्य श्री गणेश की आरती उतारी। इसके उपरान्त समिति के सदस्यों की ओर से संत भगवान को पुष्प माला पहनाकर शाल भेंट कर उनका सम्मान किया तदुपरान्त लीला प्रारम्भ हुई जिसमे दिनेश वैन्देल ने श्री गणेश जी का, श्री शंकर भगवान का रामवीर सिंह रघुवंशी एवं पार्वती का रामचरण साहू ने अभिनय किया।



महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में बाल दिवस पर लगा बाल मेला

छात्राओं ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, उत्कृष्ट प्रदर्शनि करने वाली छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बाल दिवस के अवसर पर शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के चटपटे एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती सक्सेना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने का बेहतर माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, सहयोग और टीम भावना का विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बाल मेले में छात्राओं ने स्वयं विभिन्न व्यंजन तैयार कर उन्हें आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान उनके रचनात्मक कौशल एवं प्रबंधन क्षमता की झलक देखने को मिली।



मेले में स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन के अंत में उत्कृष्ट एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करने वाली प्रथम तीन कक्षाओं की छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस मेले ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ आत्मनिर्भरता एवं उद्यमशीलता के गुण सीखने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

बजरंगढ़ के विभिन्न स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

बजरंगढ़। नगर के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल एवं प्रोजेक्ट तैयार कर आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। वहीं बच्चों द्वारा तरह-तरह के व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए, जिनका विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने खूब आनंद लिया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बाल दिवस के इस आयोजन ने बच्चों को अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा एवं हुनर प्रदर्शित करने का अवसर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।



बाल मेले में बच्चों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



आरोन। पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस बाल दिवस के अवसर पर संस्था माधव विद्या मंदिर में बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वक्तव्य एवं मैजिक शो प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पत्रकार लखन सिंह रघुवंशी, बंटी राजपूत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सेवाराम नौरोजी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों एवं विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों की प्रतिभा और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को संदेश दिया कि वे शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार अपनाएं।

2027-28 सत्र से साइंस-कॉमर्स शुरू करने की मांग, विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए लगभग 60 किलोमीटर दूर गुना जाने की मजबूरी से निजात दिलाने के लिए कुंभराज महाविद्यालय में विज्ञान (साइंस) एवं वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय प्रारंभ करने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पैंची एवं मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से आवश्यक पहल करने की अपील की गई है। वर्तमान में कुंभराज महाविद्यालय में केवल कला (आर्ट्स) संकाय की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है।

विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय नहीं होने के कारण इन विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को गुना जाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को समय और धन दोनों खर्च करने पड़ते हैं। इस समस्या का सबसे अधिक असर छात्राओं की शिक्षा पर पड़ रहा है। लंबी दूरी, आवागमन की असुविधा और आर्थिक परिस्थितियों के चलते कई छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं या बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। मांग उठाने वालों का कहना है कि जब शासन द्वारा महाविद्यालय के लिए भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं, तो यहां विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय भी प्रारंभ किए जाने चाहिए, ताकि कुंभराज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। क्षेत्रीय विधायक एवं उच्च शिक्षा मंत्री से मांग की गई है कि विद्यार्थियों के भविष्य और विशेषकर बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए कुंभराज महाविद्यालय में शिक्षा सत्र 2027-28 से विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की कक्षाएं प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक स्वीकृति एवं कार्यवाही की जाए।

कांग्रेसजनों ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन के तत्वावधान में बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में गुना ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी शिवकुमार उपरिंग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, सेवादल अध्यक्ष मनोज शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसजन पंडित रामबाबू शर्मा, विष्णु प्रसाद दुबे, पूरनचंद जैन, ओमवीर सिंह रघुवंशी, पवन श्रीवास्तव एवं मुलायम अली सहित अन्य वक्ताओं ने नेहरूजी के जीवन और देश के विकास में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम, लोकतांत्रिक व्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान एवं औद्योगिक विकास में नेहरूजी की भूमिका को याद किया।

रजत विमान में विराजमान कर धूमधाम से शोभायात्रा निकली



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

रुठियाई नगर में प्रति वर्षानुसार भगवान आदिनाथ स्वामी के विमान की शोभायात्रा दोपहर 12 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नारौनी से गाजे बाजे गगन भेदी जयघोष से प्रारंभ हुई। इसके पूर्व प्रातः 9 बजे आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्रमण सागर मुनि ओंकार सागर महाराज साडा कॉलोनी राघौगढ़ से विहार करते हुए प्रातः 9 बजे रुठियाई पधारे। जैन समाज रुठियाई ने पुलिस चौकी रुठियाई से मुनिराज की भव्य अगवानी की। विमान जी की शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए श्री मंगलोदय तीर्थ रुठियाई पहुंची। मंगलाचरण कुमारी साक्षी जैन ने किया। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जैन समाज राघौगढ़ के यशस्वी अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य, विजय कुमार जैन वरिष्ठ पत्रकार, अरविंद कुमार जैन सेवा निवृत्त तेहसीलदार, ब्रह्मचारी जीतू भैया ने किया। जैन समाज रुठियाई के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने सभी का स्वागत किया।मुनि श्रमण सागर जी मुनिराज के मंगल प्रवचन करते हुए कहा अपने बच्चों को पाठशाला भेजिये। संस्कार वान बनेंगे।

अशोकनगर में केट का गठन, सचिन कंसल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चार जनप्रतिनिधियों को मिली संरक्षक की जिम्मेदारी

शहर के व्यापारियों को एक मजबूत मंच पर एकजुट करने एवं उनके हितों की आवाज को मजबूती देने की दिशा में अशोकनगर में राष्ट्रीय व्यापारी संगठन केट अर्थात अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के संगठन का गठन किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी से आए केट के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन एवं प्रदेश संगठन मंत्री गोपेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। केट देश का एक प्रमुख राष्ट्रीय व्यापारी संगठन है, जो छोटे एवं मध्यम व्यवसायों, खुदरा विक्रेताओं तथा व्यापारियों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है।

संगठन के अनुसार देशभर में इसके माध्यम से 9 करोड़ से अधिक व्यापारी जुड़े हुए हैं तथा 40 हजार से अधिक व्यापारिक संघ इसका हिस्सा हैं। इसकी शुरुआत 1990 के दशक में नई दिल्ली से हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य देश के आंतरिक व्यापार को मजबूत बनाना, व्यापारियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाना तथा उनके हितों की रक्षा करना है। केट मेक इन इंडिया, लोकल फॉर वोकल एवं स्वदेशी से समृद्धि जैसे अभियानों का समर्थन करता है। साथ ही व्यापारियों को डिजिटल भुगतान एवं आधुनिक व्यापारिक तकनीकों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। केट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल हैं।



प्रदेश पदाधिकारियों ने बताई संगठन की ताकत

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन ने संगठन की उपयोगिता एवं व्यापारियों के लिए इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से व्यापारी अपनी समस्याओं को सामूहिक रूप से उठा सकते हैं तथा अपने अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत आवाज बन सकते हैं। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री गोपेंद्र जैन ने भी अपने संबोधन में संगठन की मजबूती एवं उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने शिवपुरी का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां संगठन से लगभग 1000 से अधिक व्यापारी जुड़ चुके हैं। उन्होंने अशोकनगर में भी इसी प्रकार एक बड़ा और मजबूत व्यापारी संगठन खड़ा करने का आह्वान किया।

चार जनप्रतिनिधियों को बनाया गया संरक्षक

अशोकनगर में केट संगठन को मार्गदर्शन एवं मजबूती प्रदान करने के लिए चार जनप्रतिनिधियों को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूर्व विधायक जजपाल सिंह, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, अशोकनगर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया। संगठन की नवीन कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष सचिन कंसल, संगठन मंत्री अभिजीत जैन, महासचिव रामकृष्ण रघुवंशी,कोषाध्यक्ष अमित गोयल,आगामी समय में संगठन का विस्तार करते हुए अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति आपसी विचार-विमर्श से की जाएगी।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज होगा

अशोकनगर। भगवान बिरसा मुण्डा की 151 वीं जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी जनजातीय जिलों को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिला अशोकनगर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, पठार, अशोकनगर में प्रातः 8.30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के जनजातीय हितग्राहियों की सहभागिता रहेगी तथा प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

मुनि दुर्लभ सागर महाराज की हुई आगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश शनिवार की सुबह नगर में हुआ जहां जैन समाज द्वारा रेलवे फाटक पर पहुंचकर मंगल आगवानी की गई जिसमें मुनि संघ का जगह जगह पाद प्रक्षालन किया गया। वहीं मुनि संघ के सानिध्य में लघु गणधर विलय विधान का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि विधान से सुख शांति की प्राप्ति होती है ऐसे विधान का आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए और इतनी बड़ी संख्या में आप लोग उपस्थित हुए यह धर्म के प्रति आपकी श्रद्धा को बताता है। वहीं आगवानी में नगर के वीर सेवा दल का दिव्य घोष आकर्षण का केंद्र रहा। वही दोपहर बाद मुनि संघ का मंगल बिहार भानगढ़ की ओर हुआ जिसमें जैन समाज मुनि संघ के मंगल बिहार में शामिल हुआ।

मुनि संघ के सानिध्य में हुआ विधान का आयोजन



राजपुर कस्बे के स्कूल में बाल दिवस मनाया



राजपुर। राजपुर कस्बे के इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं एवं स्टाफ ने मिलकर बाल दिवस मनाया। सर्व प्रथम मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत हुई। छात्र छात्राओं ने बड़े रोचक स्टॉल व्यंजनों के लगाए थे। सुबह से ही स्कूलों में चहल-पहल दिखाई दी। इस मौके पर स्कूल संचालक नीरज शर्मा प्राचार्य रंजीत यादव, मनीष सोनी, पायल सोनी एवं सभी स्टाफ ने बाहर से पधारें लोगों का अभिनंदन किया। उपस्थित लोगों ने स्कूल पहुंच कर छात्र छात्राओं का होंसला बनाया।

वर्तमान को संस्कारित करने से भविष्य स्वर्णिम उज्ज्वल होता है : निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार शब्द जब भी हमारे सुनने में आता है तब मन एक ऐसे वातावरण की परिकल्पना की ओर जाता है, जिस वातावरण में हम अपने आपको देखना चाहते हैं। संस्कार शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। उन प्रत्येक अर्थ की ओर दृष्टिपात करने से हमें यह ज्ञात होता है कि यह संस्कार शब्द कितना व्यापक और महत्वशाली है। उन्होंने कहा कि आज हम वर्धमान विद्यालय में बैठे हैं और जहां पर आप सभी बच्चे बैठे हैं हमने भी इसी विद्यालय में एक वर्ष आपकी ही तरह यहाँ पर अध्ययन किया है। उसकी स्मृति आज भी हमारे मानस पटल पर यथावत है। यह विद्यालयीन जीवन हर विद्यार्थी के लिये स्वर्णिम समय की श्रेणी में आता है। जिसका स्मरण सदैव बना रहता है। चाहे आप इस देश के राष्ट्रपति बन जाये, चाहे प्रधानमंत्री, चाहे आप सेना के, देश सेवा के किसी भी क्षेत्र में जायेंगे, तो भी आप अपने इस समय को कभी भी ना भूल पायेंगे। मुनि श्री ने व्यक्तित्व विकास के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुये उच्चारण और अनुशासन पर बल दिया। संक्षिप्त कहानी के माध्यम से मुनि श्री ने दया धर्म का और भगवान महावीर स्वामी के सिद्धान्त जियो और जीने दो का महत्व बताया। प्राप्त अवसर का किस प्रकार सदुपयोग करना है इस बात पर भी मुनि श्री ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. डी. के. जैन ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिये शुभकामनायें दी। बताया कि सन 1999-2000 के शिक्षा सत्र मै इसी वर्धमान विद्यालय से 12वीं की शिक्षा पूर्ण की। रमेश चैधरी ने सभी बच्चों को बाल दिवस पर शुभकामनायें दी। राजेन्द्र जैन राजा ने राकेश लालाजी की गौसेवा और गुरुसेवा को आदर्श बताया और उन्होंने आचार्य श्री समयसागर जी महाराज को साक्षात वटवृक्ष की उपमा देते हुये, उनके विराट व्यक्तित्व का गुणानुवाद किया।

विभिन्न रचनात्मक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

बाल दिवस पर संस्कार अकेडमी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को संस्कार अकैडमी विद्यालय अशोकनगर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2026 के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर एवं विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर अभिषेक नागराज, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह, विद्यालय के चेयरमैन उपेंद्र पाराशर, प्राचार्य राजदीप सिंह, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया गया कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिविर का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों एवं कानून के प्रति जागरूक करने के साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक नागराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने तथा सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण, दुव्र्यवहार अथवा अनुचित व्यवहार के विरुद्ध चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसकी जानकारी अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। उन्होंने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम तथा गुड टच-बैड टच के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के बीच अंतर समझने तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में तत्काल अपने विश्वसनीय अभिभावक अथवा शिक्षक को इसकी जानकारी देने की समझाइश दी। इस दौरान सायबर सुरक्षा व सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें फैंसी ड्रेस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा, कला एवं विचारों के माध्यम से बाल अधिकारों, बाल सुरक्षा तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए।

खबर संक्षेप

कुए में गिरने से युवक की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत ग्राम छापर निवासी नितिन पुत्र राजेश प्रजापति उम्र 18 साल की टपरियन वाले कुए में गिरने से मौत हो गई। बताया गया है कि युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत सुमायला खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खुरई निवासी फैजान खान ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया। दहेज का सामान व रूपए हड़प लिए और मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया।

महिला की उपचार के दौरान मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अमाही ताल निवासी स्मिता बाई पत्नि अभिषेक अहिरवार उम्र 25 साल की उल्टींया होने और घबराहट के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी की

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी धर्मेन्द्र कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फरियादी के क्रेडिट कार्ड से 71777 रूपए धोखाधड़ी पूर्वक निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी शिवांग त्रिपाठी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लखन रघुवंशी, मयंक जैन, सुमित जैन और अनिल भील ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदंबा कॉलोनी निवासी कृष्णाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि परमाल अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत नईसराय निवासी खिल्लूराम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोनू और वीर सिंह जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टांडा निवासी अमित सिंह दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अनुज, आदित्य और गब्बर दांगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी प्रेम धींगरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आजाद सिंह कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजौरी निवासी भूपेन्द्र सिंह परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शिशुपाल, बड़ेराजा, अभिराज और प्रवेश बाई परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुकावली निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धीरज सिंह व उसकी पत्नि सवीता बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगला चैराहा निवासी रमेश नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजेन्द्र कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

रोटर बेटर में फंसने पर किसान की मौत

अशोकनगर। नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम कालाबाग गांव का किसान खचोरी लाल साहू पुत्र कालूराम साहू उम्र 40 साल निवासी कालाबाग अपने खेत पर किराए के ट्रैक्टर से खेत पर रोटर बैटर करा रहा था। जो कि मृतक रोटर बैटर के ऊपर बैठा हुआ था रोटर बैटर में फस जाने से उसकी मौत मौके पर ही हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार दोपहर की बताई गई जिसमें किसान खचोरी लाल साहू अपने खेत में रोटर बैटर करा रहा था रोटर बैटर मशीन में फंसने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस को सूचना मृतक के भाई के द्वारा दी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौके पर पंचनामा बनाकर शव पीएम के लिए ईसागढ़ भिजवाया गया वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच लिया।

20 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं हर दिन कर रहीं इंतजार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में 15 दिनों से लैब टेक्नीशियन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



50-60 गांवों की स्वास्थ्य सुविधाओं के एकमात्र केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में बीते 15 दिनों से लैब टेक्नीशियन नहीं है। ऐसे में यहां प्रतिदिन आने वाले चालीस से पचास मरीजों का उपचार या तो बगैर जांच के ही किया जा रहा है या फिर निजी पैथोलॉजी से जांच कराई जा रही है। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार यहां बीते दो वर्ष से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथाईखेड़ा के लैब टेक्नीशियन सुरेश रघुवंशी सप्ताह में तीन दिन सेवाएं देते थे, जिनकी सेवानिवृत्ति बीते 31 अक्टूबर को हो गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय जाटव ने इस रिक्त स्थान पर मुंगावली सिविल अस्पताल में पदस्थ लैब टेक्नीशियन नेल्सन कुजूर की ड्यूटी सोमवार, मंगलवार और बुधवार के लिए लगाई लेकिन कुजूर ज्वाइन करते ही लंबा अवकाश लेकर चले गए और लैब खाली की खाली रही। ऐसे में इस अस्पताल में आने वाले आम मरीजों के अलावा गर्भवती महिलाएं भी जांच के इंतजार में हैं।

एचआईवी, एचबी, ब्लड ग्रुप और आरवीएस जांचों के लिए दो हफ्ते की वेटिंग : शनिवार को हमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसूति वार्ड में नर्सिंग ऑफिसर गायत्री देशमुख मिलीं। प्रसूति वार्ड के बाहर तीन महिलाएं बैठी थीं। नर्सिंग ऑफिसर ने रजिस्टर के पन्ने पलटने के बाद हमें बताया कि गर्भवती महिलाओं की एएनसी के दौरान चार तरह की जांचें आवश्यक होती हैं। एचआईवी, एचबी, ब्लड ग्रुप और आरवीएस। इन सभी की जांचें बगैर लैब टेक्नीशियन के सम्भव नहीं हैं। उन्होंने बताया कि बीते 14 दिन में करीब 20 महिलाएं आईं, जिनसे इंतजार करने के लिए बोला गया है। उन्होंने हमें यह भी बताया कि बगैर जांचों के वह रिकॉर्ड मेंटेन भी नहीं कर पा रही हैं।

जिले की सबसे एक्टिव पीएचसी झेल रही कर्मचारियों की कमी का दंश

सवा सौ साल से भी पुरानी बहादुरपुर अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रोन्नत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। इस प्रोन्नत अस्पताल के लिए भवन निर्माण होना है, इसके बाद ही नवीन व्यवस्था के तहत स्टाफ स्वीकृत होगा। किंतु अभी भी यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशोकनगर जिले का सबसे एक्टिव ग्रामीण अस्पताल है। जहां प्रसव, एमएलसी, दुर्घटना में घायल और आम मरीज बड़ी संख्या में आते हैं। यहां लंबे समय से ड्रेसर, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन की जगह खाली है। सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ वाय एस तोमर ने बताया कि कई बार उच्च स्तर पर पत्र लिख चुके हैं, उन्होंने बताया कि सोमवार से लैब टेक्नीशियन सप्ताह में तीन दिन आएंगे।

इनका कहना है

कर्मचारियों की कमी तो है, लेकिन हमने बहादुरपुर में वैकल्पिक व्यवस्था कर दी है। अगर अन्य किसी तरह से वहां लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था हो सकेगी तो वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन लेंगे।

डॉ अलका त्रिवेदी, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी अशोकनगर

शहर के भीतर डिवाइडर जुड़वाने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मांग



अशोकनगर। अपनी ऐतिहासिक धरोहरों, पुरातात्विक महत्व और विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ियों के दम पर देश-विदेश में खास पहचान रखने वाला चंदेरी नगर आज भी बुनियादी शहरी विकास की बाट जोह रहा है। एक ओर जहां यहां के पर्यटन स्थल देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं आने वाले दिनों में मां जागेश्वरी देवी मंदिर परिसर को उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर श्लोक के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इससे शहर की भव्यता बढ़ेगी और दर्शनार्थियों व पर्यटकों की आवाजाही कई गुना अधिक हो जाएगी। लेकिन इसे शहर का दुर्भाग्य कहें या विडंबना कि इतनी बड़ी पहचान होने के बावजूद चंदेरी आज भी किसी पुराने गांव की तरह बसा हुआ नजर आता है। वर्तमान में चंदेरी की सबसे बड़ी समस्या इसकी संकरी गलियां और मुख्य सड़क पर लगने वाला भीषण जाम है। जब पर्यटकों की संख्या बढ़ती है या तीज-त्योहारों का समय आता है, तो नगर के प्रमुख चौराहों पर यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है और चारों तरफ जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों को इन तंग रास्तों से होकर गुजरने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों और प्रबुद्धजनों का मानना है कि शहर की तस्वीर बदलने के लिए मुख्य मार्गों का कायाकल्प बेहद जरूरी है। इसके तहत कुक्कू तलैया स्थित तालाब से लेकर चंदेरी थाना, खिड़की दरवाजा, दिल्ली दरवाजा, डोलिया गेट, निजामुद्दीन चौराहा, कांच का मंदिर और रामनगर तिराहे से होते हुए लाल बावड़ी तिराहे तक मुख्य सड़क को भव्य डिवाइडर के साथ डबल लेन में विकसित किया जाना चाहिए।

देहरदा-राजघाट प्रोजेक्ट में बदलाव की मांग, सिंधिया से उम्मीदें

वर्तमान में देहरदा से राजघाट तक डबल लेन सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो चंदेरी नगर के भीतर से होकर गुजरना है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों ने केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा स्थानीय नेताओं से विशेष आग्रह किया है कि वे इस निर्माण प्रोजेक्ट में आवश्यक संशोधन करवाकर शहर के हिस्से में भव्य डिवाइडर का प्रावधान जुड़वाएं। लोगों का कहना है कि इस निर्माण कार्य के दौरान शहर में थोड़ी-बहुत तोड़फोड़ या असुविधा जरूर हो सकती है, लेकिन यह एक ऐसा कदम होगा जो चंदेरी के भविष्य को संवार देगा और विकास के नए दरवाजे खोलेगा।

14 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद

घर के पीछे बाड़े में उगाए जा रहे गांजे के 6 हरे पौधे किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविन्द सिंह कछुवाह द्वारा घर के पीछे बाड़े में उगाए जा रहे गांजे के 6 हरे पौधे जप्त किए गए। जप्त किए गए गांजे का वजन 14 किलो 650 ग्राम है जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है।

उल्लेखनीय है कि मुंगावली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम खुटिया बामोरी निवासी जितेन्द्र कटारिया द्वारा अपने घर के पीछे स्थित बाड़े में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम खुटिया बामोरी पहुंचकर दबिश दी गई, जहां आरोपी जितेन्द्र कटारिया के घर के पीछे स्थित बाड़े में गांजे के पौधे उगे हुए पाए गए। मौके से गांजे के कुल 06 हरे पौधे बरामद कर स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से उनका वजन कराया गया, जो कुल 14 किलो 650 ग्राम पाया गया। जब्त गांजे के पौधों की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई। पुलिस द्वारा आरोपी जितेन्द्र कटारिया पुत्र बालकिशन कटारिया, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम खुटिया बामोरी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कदवाया द्वारा फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ईसागढ़, जिला अशोकनगर द्वारा प्रकरण क्रमांक 568/19 में रवि पुत्र घसीटा उर्फ घासीराम बाल्मीकि उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कदवाया, थाना कदवाया, जिला अशोकनगर का स्थाई वारंट जारी किया गया था जो काफी समय से फरार चल रहा था। थाना कदवाया द्वारा फरार स्थाई वारंटी की तलाश हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम कदवाया के वाल्मीकि मोहल्ले में दबिश देकर वारंटी रवि पुत्र घसीटा उर्फ घासीराम बाल्मीकि उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कदवाया, थाना कदवाया, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पंडित नेहरू की जयंती पर बाल मेले का आयोजन, बच्चों ने लगाए आकर्षक स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नईसराय में शनिवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में नईसराय स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में नगर के विभिन्न निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आकर्षक स्टॉल लगाए। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने स्टॉलों को आकर्षक ढंग से सजाया। मेले में पहुंचे लोगों ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में विशेष रुचि दिखाई और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ- साथ व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़ना तथा उनके अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाना रहा। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, आपसी सहयोग, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

विद्यालय के प्राचार्य दिलीप सेन ने बताया कि कन्या हाई स्कूल के साथ नगर के अन्य विद्यालयों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इनमें बालक यीशु कॉन्वेंट स्कूल, सनराइजर्स पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल एवं वंदना पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्टॉल लगाकर अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता एवं जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य श्याम रघुवंशी भी बाल मेले में पहुंचे। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य दिलीप सेन, पहलवान जाटव, परमल रघुवंशी, सुषमा रघुवंशी, सुनीला रघुवंशी, प्राचार्य विमल सिस्टर उपस्थित रहे।

ईसागढ़ तहसील के अमाही ग्राम के एक मकान में डीएपी खाद के 31 बैग मिले, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के ईसागढ़ तहसील के अंतर्गत अमाही ग्राम में विजय रघुवंशी के घर से डीएपी खाद के 31 बैग बरामद होने के बाद वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हीरालाल हटीला की रिपोर्ट पर से एफआइआर दर्ज की गई है। राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विजय रघुवंशी के मकान के अंदर से यह 31 डीएपी खाद के बैग जप्त किए गए हैं जिनमें चंबल फर्टिलाइजर के 4, आइपीएल के 11, एनएफएल कंपनी के 16 बैग शामिल हैं। प्रत्येक बैग का वजन 50 किलो है जिस पर 1350 रूपए खुदरा मूल्य लिखा है। जब अधिकारियों ने विजय रघुवंशी से उक्त खाद के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बैग 5 किसानों के टोकन पर बुक कराकर लिए थे, जिसमें रवि पुत्र नीलम कोरी के टोकन पर 10, अरंबिद पुत्र नीलम सिंह के टोकन पर 5, विश्ववीर पुत्र नीलम सिंह के टोकन पर 8, सुनील रघुवंशी के टोकन पर 5 और हरवीर सिंह रघुवंशी के टोकन पर 3 बैग मिले थे। इस दौरान अधिकारियों द्वारा जांच की गई जब किसानों के बयान लिए गए तो विजय द्वारा दी गई जानकारी में अंतर मिला। टोकन पर दर्ज कंपनी और खाद के बैगों की संख्या का मिलान नहीं होने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर विजय रघुवंशी के खिलाफ यह एफआइआर दर्ज की है।

टीएवी हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में किया गया स्पोर्ट्स डे का आयोजन, विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



मुंगावली। टी. ए. व्ही. हायर सेकेंडरी स्कूल, मुंगावली में 14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की मनोरंजक एवं रोमांचक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक खेलों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह! स्पोर्ट्स डे के दौरान लेग चेंज रेस, स्पाइडर मैन रेस, कबड्डी, कप बैलेंस, रेस, फ्रॉग रेस, बलून बैलेंस रेस, बॉल पैकिंग रेस, सतोलिया,पेपर गेम, बॉल कैचिंग विद बकेट, सहित अनेक रोचक खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रत्येक खेल में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों के दौरान बच्चों का उत्साह, फुर्ती और टीम भावना देखने लायक रही। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जैन ने कहा कि बाल दिवस के अवसर पर इस प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। खेलों के माध्यम से बच्चों में शारीरिक सक्रियता, एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन, आपसी सहयोग एवं खेल भावना का विकास होता है।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य टीना गुप्ता, सीईओ पुनीत जैन, खेल प्रशिक्षक जावेद खान, पूनम कौर एवं आदि जैन का विशेष सहयोग रहा।

नागरिकों ने यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर जिले के ग्रामीण अंचलों से भ्रमण कर अशोकनगर शहर पहुंची। इस दौरान यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। भारी भीड़ और हुजुम के बीच शहर के विभिन्न मार्गों से यह यात्रा स्थानीय तुलसी पार्क रेलवे स्टेशन के समीप बनाए गए जन सभा स्थल पर पहुंची। यह वहीं दिग्विजय सिंह हैं जिनके मुख्यमंत्री काल में अशोकनगर को जिले का दर्जा प्रदान किया गया था, यह भी उल्लेखनीय है कि इस जिले के तत्कालीन सांसद माधव राव सिंधिया की हवाई दुर्घटना में हुई मौत के बाद मुख्यमंत्री के रूप में दिग्विजय सिंह ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर अशोकनगर आए थे। यह मौका उस समय था जब ज्योतिरादित्य सिंधिया लोकसभा के उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्यासी थे। इससे पहले यह पदयात्रा ग्राम पिपरिया राय से प्रारंभ होकर भैंसरवास, तोंकली, भौंरा खाती होते हुए अशोकनगर पहुंचीं। इस दौरान रास्तें में जहां भी बच्चे नजर आए उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती और बाल दिवस के मौके पर उन्हें आर्शीवाद देते हुए नजर आए।

यह पदयात्रा वोट चोरी और नोट चोरी में पारदर्शिता को लेकर है

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा वोट चोरी और प्रभु श्रीराम के नाम पर एकत्रित चंदे और चढ़ावे में हुई कथित चोरी के विरूद्ध आवाज उठाने, पारदर्शिता और जबाबदेही की मांग करनें तथा संविधान, लोकतंत्र और सनातन धर्म के वास्तविक मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ निकाली जा रही है। जब दिग्विजय सिंह की यह यात्रा अशोकनगर पहुंचीं तो शहर में प्रवेश से पहले ही उनकी यात्रा में लोगों का हुजुम नजर आया। जगह जगह उनका स्वागत हुआ, उन्होंने इस दौरान यहां की राजनीति के वेदाग नेता मुल्तानमल सुराना की प्रतिमा पर पुष्पमाला भी अर्पित की। इस दौरान उन्होंने रात अशोकनगर के ही रेस्ट हाउस में गुजारी थी और सुबह तुलसी पार्क में टहलते हुए नजर आए, जिसके बाद वह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रेयांश चैधरी और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी.के जैन के आवास पर भी पहुंचे और सौजन्य भेंट की।

शोक संवेदनाएं व्यक्त करने भी पहुंचे दिग्विजय सिंह

इस दौरान दिग्विजय सिंह अवध त्रिपाठी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पर पहुचें, इसी प्रकार अतुल त्यागी के भाई के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। इसी दौरान वह भाजपा नेता मलकीत सिंह के आवास पर भी पहुंचे और उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

बाल दिवस पर खिले नौनिहालों के चेहरे, बांटे आकर्षक उपहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बाल दिवस के पावन अवसर पर अशोकनगर की नई आबादी आँगनबाड़ी वार्ड नंबर-20 (केंद्र क्रमांक 60) में ब्राह्मी बहु मंडल सबका सेवा, सबका सहयोग के तत्वावधान में बाल दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन मुख्य कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन, पर्यवेक्षक प्रियंका पवार के निर्देशन एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व समन्वयक मीना जैन के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनीता जैन का मुख्य सहयोग रहा। इस विशेष अवसर पर ब्राह्मी बहु मंडल की ओर से नीतू कोठारी, अंकिता कोचेटा, प्रीति जैन, शुभी कोचर और कुसुम कोचर ने बच्चों के साथ बाल दिवस की खुशियां साझा कीं और उन्हें आकर्षक उपहार वितरित किए, जिन्हें पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे।

आयल इंडिया लिमिटेड ने सीएसआर मद से दिए अत्याधुनिक उपकरण

सिविल अस्पताल को मिली 86 लाख की सौगात आधुनिक उपकरणों से होगा मरीजों का उपचार

विधायक दांगी की मौजूदगी में बीएमओ को सौंपी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर





धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल को स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की बड़ी सौगात मिली। आयल इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद के अंतर्गत करीब 86 लाख रुपये की लागत के आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं अलग से एक एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई। इससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार सुविधाएं मिल सकेंगी। सिविल अस्पताल स्थित तहसील परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी रहे।

कार्यक्रम में आयल इंडिया लिमिटेड के विकास रंजन एवं विजय सिंह, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले, एसडीएम ज्योति राजोरिया तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के अथक प्रयासों एवं विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में आयल इंडिया लिमिटेड द्वारा अस्पताल को करीब 86 लाख रुपये की चिकित्सा सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसमें लेबर रूम एवं ऑपरेशन थिएटर के लिए 1.5 टन के दो वोल्टास एसी, 6 हाइड्रोलिक लेबर टेबल, 3 वेंटिलेटर, एक सीपीएपी मशीन, एक बाइपैप मशीन, 13 भ्रूण डॉपलर, दो डिजिटल एक्स-रे मशीन, मल्टी पैरामीटर सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। इसके साथ ही एक आधुनिक एंबुलेंस भी अस्पताल को प्रदान की गई।

समारोह में विधायक हजारीलाल दांगी, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले एवं आयल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा सभी चिकित्सा उपकरण ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया को सुपुर्द किए गए। साथ ही एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी गई। इन आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के मिलने से अब सिविल अस्पताल में प्रसूति सेवाओं, ऑपरेशन, गंभीर मरीजों के उपचार एवं जांच सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस का सायरन सुनकर भाग गए चोरी का प्रयास करने वाले बदमाश

मोबाइल लोकेशन से सतर्क हुई थी पुलिस





शिक्षक कॉलोनी में खिड़की काटकर घर में घुसने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

नगर में चोरी की आशंका को लेकर पुलिस की सतर्कता के बीच बीती रात शिक्षक कॉलोनी में बदमाशों ने एक मकान में घुसने का प्रयास किया। बदमाशों ने मकान के पीछे की खिड़की को कटर से काट दिया, लेकिन पुलिस की गश्त और सायरन की आवाज सुनकर वारदात को अंजाम दिए बिना ही मौके से भाग निकले। जानकारी के अनुसार, पुलिस को तकनीकी माध्यम से पारदी गिरोह से जुड़े संदिग्ध बदमाशों की मोबाइल लोकेशन नरसिंहगढ़ क्षेत्र में मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद मोबाइल बंद होने पर पुलिस ने संभावित गतिविधियों को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी और नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में गश्त शुरू कर दी। रातभर पुलिस वाहनों के सायरन सुनाई देते रहे। इसी दौरान रात करीब 2 बजे शिक्षक कॉलोनी में 5 से 7 बदमाशों ने एक मकान की पिछली खिड़की को कटर से काटकर अंदर घुसने का प्रयास किया। खिड़की काटने की आवाज सुनकर आसपास के रहवासी जाग गए। पुलिस के पहुंचने और सायरन सुनाई देने पर बदमाश भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने तत्काल आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने करीब 3 से 4 घंटे तक सर्चिंग की। बदमाशों का पीछा करते हुए टीम जंगल क्षेत्र तक पहुंची, लेकिन अंधेरे और संभावित रास्तों का फायदा उठाकर बदमाश निकलने में सफल रहे। खिड़की काटे जाने के बावजूद घर में चोरी नहीं हो सकी।

तकनीकी सूचना से बढ़ाई गई सतर्कता

इस घटना में पुलिस को पहले मिली मोबाइल लोकेशन की सूचना और उसके आधार पर बढ़ाई गई गश्त महत्वपूर्ण रही। हालांकि संदिग्ध बदमाश अभी पकड़ में नहीं आए हैं। पुलिस की तलाश और संदिग्धों की पहचान के प्रयास को लेकर आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।

पंडित नेहरू की जयंती मनाई

बाल दिवस पर सजी विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों ने मॉडल बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में बाल दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी क्रम में नगर के कौशल्या देवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने हुनर, रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक समझ का शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को देखकर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उनकी सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। बाल दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए उत्साह, सीखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का यादगार अवसर बना।

नेहरू जयंती पर कांग्रेसजनों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित नेहरू के योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शुक्रवार को हॉस्पिटल रोड स्थित नेहरू उद्यान में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि पंडित नेहरू दूरदर्शी विचारक और आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि नेहरू जी ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आजादी के बाद भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक प्रयास किए।

कांग्रेस नेता मोहम्मद अली ने धर्मनिरपेक्षता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के प्रति नेहरू जी के विचारों को याद किया। वहीं शफीक अंसारी ने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है। वक्ताओं ने शिक्षा, विज्ञान, उद्योग, सिंचाई परियोजनाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं के विकास में नेहरू जी के योगदान को याद किया। बच्चों के प्रति उनके विशेष लगाव के कारण ही उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी ने किया तथा आभार युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष लखन राजपूत ने माना। इस अवसर पर ओपी विजयवर्गीय, अशोक राठी, प्रमोद सादानी, शोएब हसन राही, राधेश्याम काका, इरफान अली, घनश्याम मालवीय, अभय सिसोदिया, गफ्फार मंसूरी, गौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती



कुरावर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरावर द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के निर्देशानुसार देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती संकल्प क्लिनिक, बस स्टैंड कुरावर पर मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों, योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश दला, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद राजकुमार चौकसे, मंडलम अध्यक्ष सोनार सिंह बना, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण मीणा, पूर्व पार्षद इमरान बैग, ब्लॉक सचिव नरेंद्र वर्मा, सह सचिव अभय बबलू बाहेती, निर्भय सिंह बना, जमुनिया पंचायत कांग्रेस समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा, मनोज चंद्रवंशी, आफताब अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एडवांस किड्स एकेडमी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया



जीरापुर। एडवांस किड्स एकेडमी में बाल दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। शिक्षकों द्वारा एकल गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं विद्यालय के कुछ शिक्षकों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ई.के. जोशी ने बाल दिवस का महत्व बताया तथा कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर यह बाल दिवस मनाया जाता है, क्योंकि पंडित नेहरू का बच्चों से प्रेम व स्नेह था, उसी अनुरूप यह पर्व मनाया जाता है। शैक्षिक समन्वयक भानु कुमार जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

महर्षि पब्लिक स्कूल में बाल मेला लगा, बच्चों ने दिखाया हुनर

बच्चों ने सीखा व्यापार, मुनाफे और बचत का गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

बाल दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, अध्यक्षता अध्यक्ष दिनेश जमीदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिवचरण डांगी, बीएल गुर्जर, योगेश भावसार, राजेश राठौर ,शरद भावसार ने मां सरस्वती एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर फीता काटकर किया। मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा कुल 34 दुकानें लगाई गईं। इनमें पोहा, समोसा, कचोरी, दही बड़े, पानीपुरी, राबड़ी, पास्ता, पकौड़ी, ढोकला, भेल सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों एवं मनोरंजक खेलों की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं।



संस्था द्वारा आयोजित इस मेले का उद्देश्य बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक एवं व्यावसायिक ज्ञान देना था। बच्चों ने स्वयं दुकानें संचालित कर वस्तुओं की बिक्री, लागत, मुनाफे और बचत का गणित सीखा। साथ ही व्यापार एवं प्रबंधन का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक दिलीप राठौड़, राजेश सर, जितेंद्र सर, राधेश्याम तोमर, अजय पंचोली, पवन दांगी, गौरीशंकर सर, विशाल सेन, जसवंत गुर्जर, अंकित सेन, पवन पाटीदार, अंकुश भावसार, ध्रुव भाटी, हरीश कटारिया सहित शिक्षिकाएं रीना देवड़ा, तैयबा कुरैशी, टीना सोनी, बुलबुल गोस्वामी, प्रीतिका शर्मा, लक्ष्मी गुर्जर, कोमल नाथ, स्नेहा कटारिया, किरण मालाकार, भारती वर्मा, नव्या तिवारी एवं विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जूनियर रेडक्रॉस ने निकाली नशा मुक्ति रैली, बाल मेला भी लगाया



जीरापुर। समीपस्थ शासकीय स्कूल खारपा में जूनियर रेड क्रॉस के माध्यम से नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली विद्यालय परिसर से होते हुए गांव के मुख्य मार्गों से होकर पुनः विद्यालय पहुंची। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के नारे लगाकर नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया एवं नशा मुक्ति की शपथ ली गई। इस दौरान प्राचार्य राधेश्याम पुरवइया शिव सिंह कुशवाह, भंवरलाल वर्मा,हरीश लोहार ,अनीता मालवीय ,गायत्री गुप्ता, जितेंद्र मालवीय, रमेश मालवीय, कौशल्या मालवीय, संजय जोशी,देवेंद्र जोशी, विष्णु प्रसाद दांगी, मुकेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्कूली छात्र छात्र मौजूद रहे। रैली के पश्चात बाल मेले का आयोजन किया गया

व्यास परिवार ने किया आयोजन, पहुंचे श्रद्धालु 105 वर्षों से अन्नकूट महोत्सव की परंपरा गोवर्धन नाथ मंदिर में लगा छप्पन भोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

दीपावली पर्व के अवसर पर नगर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। इसी क्रम में शनिवार को शिवाजी मार्केट स्थित श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर में व्यास परिवार द्वारा पारंपरिक अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन नाथ जी का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें 56 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

भगवान के समक्ष विभिन्न प्रकार के पकवानों एवं मिष्ठानों से छप्पन भोग सजाया गया। शाम 6 बजे भजन-कीर्तन और महाआरती के साथ पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रसादी ग्रहण की।

105 वर्षों से कायम है धार्मिक परंपरा

श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाने की यह परंपरा पिछले 105 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यास परिवार इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन करता आ रहा है। आज भी उसी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ इस महोत्सव का आयोजन किया जाता है। मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम व्यास ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव दीपावली के सात दिन बाद मनाया जाता है। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन नाथ जी को छप्पन भोग अर्पित कर पूजा-अर्चना की जाती है। नगर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन एवं प्रसादी ग्रहण करने पहुंचते हैं।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो गंभीर



सारंगपुर। क्षेत्र में शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक और 12 वर्षीय नाबालिग बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम नारायणगढ़ निवासी बहादुर सिंह नायक (40) पिता मानसिंह अपनी बाइक से इलाज कराने के लिए आसरेटा जा रहे थे। इसी दौरान सामने की ओर से आ रहे बाइक सवार बृजेश मालवीय (19) पिता राधेश्याम मालवीय निवासी नारायणगढ़ और उनके साथ बाइक पर सवार 12 वर्षीय नाबालिग बालिका की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। यहां डॉ. गर्गी मालवीय ने घायलों का प्राथमिक परीक्षण और उपचार किया। इस दौरान बहादुर सिंह नायक को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बृजेश मालवीय और 12 वर्षीय बालिका की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से शाजापुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

सेवानिवृत्त शिक्षक ने सफलता के मंत्र बताए

12वीं के विद्यार्थियों को दिया करियर मार्गदर्शन लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मकता का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करियर मार्गदर्शक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यनारायण शर्मा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और भविष्य में करियर निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक रूप से मजबूत और जागरूक होना भी आवश्यक है। उन्होंने आधारभूत सिद्धांतों, दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से सोना नहीं, बल्कि जागते रहना ही जीवन में उन्नति का आधार है। किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए सही माइंडसेट होना जरूरी है। असफलता मिलने पर निराश होने के बजाय दोबारा प्रयास करना चाहिए। इसके लिए समय प्रबंधन और निरंतर अध्ययन की आदत विकसित करना आवश्यक है।

विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने की सीख देते हुए उन्होंने कहा कि केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि पढ़े हुए विषयों का मनन और आकलन भी करना चाहिए। इससे यह समझने में मदद मिलती है कि कितना अध्ययन याद रहा और किन विषयों पर और मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर जैसे आधुनिक सोशल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि ये साधन जागरूक और सही दिशा में सोचने वाले विद्यार्थियों के लिए अमृत के समान हैं, जबकि बिना उद्देश्य इनके उपयोग से नुकसान भी हो सकता है। इस दौरान उन्होंने थॉमस एडिसन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेरक प्रसंग सुनाकर विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने, निरंतर मेहनत करने और उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ज्योति यादव, मनोज शर्मा, कन्हैयालाल दांगी, भगवान सिंह नागर, इन्द्रनारायण श्रीवास सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संस्था प्राचार्य मनोहर जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं मार्गदर्शक का आभार व्यक्त किया।

